संस्थान परिसर में लोहड़ी पर्व का आयोजन

13 जनवरी 2023 को संस्थान परिसर में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने पवित्र अलाव में अग्नि प्रज्वलित की एवं अग्नि में पॉपकॉर्न, रेवाड़ी और मूंगफली अर्पित किए । इसमें संस्थान के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ सभी कर्मियों ने भी हिस्सा लिया। विद्यार्थियों एवं कर्मियों ने जमकर लुफ्त उठाया और नृत्य किए। इन्होंने पतंग भी उड़ाया। सभी को खाद्य सामग्रियां जैसे पॉपकॉर्न, रेवाड़ी और मूंगफली के पैकेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम, रिसर्च असिस्टेंट सह कार्यवाहक प्राचार्या सुश्री वंदना सिंह, श्री करुप्पास्वामी, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा, अधीक्षक श्री गेंदन लाल, अनुभाग अधिकारी श्री शिवजोत इत्यादि भी उपस्थित रहे। सुश्री आशिमा और सुश्री शीतल इस कार्यक्रम के ऑर्गेनाइजिंग मेंबर थे।

पतंग की डोर पकड़ते हुए संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण।

संस्थान के विभिन्न अनुभाग के कर्मी अग्नि को पॉपकॉर्न, रेवाड़ी एवं मूंगफली अर्पित करते हुए।

संस्थान के छात्रगण एवं कर्मी नृत्य करते हुए।